विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा. सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-39 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 39(क) क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र में द किसान सहकारी चीनी मिल संचालित है? है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त सहकारी चीनी मिल सरकारी संरक्षण एवं सहकारी चीनी मिल फेडरेशन के सही देख-रेख के अभाव में घाटे में चल रही है? | मिल की क्षमता के अनुरूप गन्ने की अनुपलब्धता एवं प्लान्ट व मशीनरी के पुरानी होने से उत्पादन लागत में वृद्धि होने के कारण सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद में वार्षिक एवं संचित घाटे की स्थितियॉ हैं। |
| (ग) क्या उक्त चीनी मिल को क्षेत्रीय किसानों, मजदूरों व जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उसकी आर्थिक मदद करके आधुनिकीकरण कराते हुए चलाये जाने की व्यवस्था करायेंगे? | चीनी उद्योग के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एकल चीनी मिल लाभप्रद नहीं है। इण्टीग्रेटेड शुगर काम्पलेक्स, जिसमें चीनी मिल, एथनाल प्लान्ट आदि को ही लाभप्रदता प्रदान कर सकते हैं। इस पूर्ण कार्ययोजना पर लगभग रू.550 करोड़ का व्यय अनुमानित है। चूँकि महमूदाबाद चीनी मिल की नेटवर्थ ऋणात्मक है, अत: बैकों/वित्तीय संस्थाओं से ऋण मिलना सम्भव नहीं है। |
| (घ) यदि हॉ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

लक्ष्मी नारायण चौधरी
मंत्री,
गन्ना विकास एवं चीनी मिलें।